मेधावियों को किया गया सम्मानित

Saturday, January 13, 2024 4 hours ago 3 Views

बल्दीराय (सुल्तानपुर) : तिरहुत स्टेट के ओमप्रकाश सिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि पर स्टेट परिसर में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 318 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। जांच के बाद डॉक्टरों की टीम ने 136 लोगों को चश्मा वितरित किया। निशुल्क ऑपरेशन के लिए 28 लोगों को अपने साथ ले गए। इस बीच वलीपुर, मीरपुर, हलियापुर, तिरहुत, बल्दीराय, सिंघनी, रैंचा व बहुरावां इंटर कॉलेज के मेधावियों को सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को क्रमशः साइकिल, स्मृति चिह्न व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, ओंकार सिंह विभाकर, स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेस, लखनऊ के महानिदेशक, डा.भरत राज सिंह, सह-निदेशक, डा. धर्मेंद्र सिँह, बीडीओ एसएन सिंह व राजा रायभानु प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे तथा स्वर्गीय राजा ओम प्रकाश को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके साथ के अनुभव को संस्मरण कर लोगों में साझा किया।